प्रारम्भिक परीक्षा सिलेबस –

प्रश्न पत्र – 1

- राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय महत्व की सामयिक घटनाएं।
- भारत का इतिहास और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन ।
- भारत एवं विश्व भूगोल – भारत एवं विश्व का प्राकृतिक , सामाजिक , आर्थिक भूगोल ।
- भारतीय राजतंत्र और शासन – संविधान, राजनैतिक प्रणाली , पंचायती राज , लोक नीति , अधिकारों संबंधी मुद्दे ,आदि ।
- आर्थिक और सामाजिक विकास – सतत विकास , गरीबी ,समावेशन ,जनसांख्यिकी ,सामाजिक क्षेत्र में की गई पहल आदि |
- पर्यावरणीय पारिस्थिकी जैव विविधता और मौसम परिवर्तन संबंधी सामान्य मुद्दे ,जिनके लिए विषयगत विशेषज्ञता आवश्यक नही है |
- सामान्य विज्ञान|

प्रश्न पत्र – 2

- बोधगम्यता
- संचार कौसल सहित अंतर – वैयक्तिक कौशल
- तार्किक कौशल एवं विश्लेषणात्मक क्षमता
- निर्णेय लेना एवं समस्या समाधान
- सामान्य मानसिक योग्यता
- आधारभूत संख्यन(संख्याएँ और उनके सम्बन्ध , विस्तार क्रम आदि),आंकड़ों का निर्वचन(चार्ट ग्राफ तालिका ,आंकड़ों की पर्याप्तता आदि)

  आज के दौड़ में सिविल सेवा परीक्षा में सबसे मुश्किल भाग प्रारंभिक परीक्षा में सफल होना हो गया है |प्रत्येक वर्ष लगभग 10 लाख परीक्षार्थी UPSC का फॉर्म भरते हैं |जिसमे से लगभग 5 लाख परीक्षार्थी UPSC प्रीलिम्स की परीक्षा देते हैं |मुश्किल से 15000 परीक्षार्थी मेंस के लिए उतीर्ण होते हैं |अर्थात कुल परीक्षार्थी के मात्रा 1.5 % उतीर्ण हो पाते हैं| आइए हम चर्चा करते हैं कि प्रारंभिक परीक्षा में क्या करना चाहिए और क्या नही| अधिकांश अभ्यर्थी के साथ एक सामान्य समस्या हैं की वो किसी विषय पर 1 पुस्तक को 10 बार पढ़ने के बदले उसी विषय पर 10 पुस्तक को 1 बार पढ़ते हैं | हमारे स्मरण करने की एक सीमा होती हैं |एक शोध के अनुसार हम आज जितना पढ़ते हैं उसका 50% अगले दिन भूल जाते हैं |इसीलिए आप कुछ पुस्तकों को ही पढ़े लेकिन अच्छे से पढ़े और उसका एक नोट्स अवश्य बनाए |

प्रश्न पत्र 1 के लिए क्या पढ़े —

1. राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय महत्व की सामयिक घटनाएं।

UPSC को The Hindu न्यूज़ पेपर से बहुत प्यार हैं ,वो प्रीलिम्स व मेंस में मुद्दे इसी न्यूज़ पेपर से सीधे – सीधे उठाती हैं | हो सकता हैं आप प्रीलिम्स बिना The Hindu पढ़े पास कर जाए लेकिन मेंस के लिए इसे पढ़ना ही होगा | बेहतर हैं आप अभी से ही इसे पढ़े और अपना एक नोट्स बनाए |iashindi.com पर साप्ताहिक समसामयिक आपको मिल जाएगा ,लेकिन आप किसी वेबसाइट के भरोसे अपनी तैयारी न करे | इस सफर में सिर्फ आप स्वयं ही अपनी मदद कर सकते हैं |साप्ताहिक समसामयिक सिर्फ इस लिए दिया जाता हैं कि यदि आप के नोट्स में कोई टॉपिक छूट गया हैं तो आप उसे अपडेट कर ले |

भारत का इतिहास और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन ।

इस विषय पर अधिकांश प्रश्न आधुनिक भारत का इतिहास व कला एवं संस्कृति से पूछे जाते हैं |



आप अपनी तैयारी की शुरुआत **राजीव अहीर की पुस्तक आधुनिक भारत का इतिहास** से करें|CSAT आने के बाद से लगभग 7 – 8 प्रश्न आधुनिक भारत से पूछे जाते हैं और उसमे से लगभग 6 -7 प्रश्न सिर्फ इस पुस्तक से आते हैं |बाकि बचे 1 प्रश्न को हल करने के लिए 10 पुस्तक और पढ़ने से बेहतर हैं कि हम उस 1 प्रश्न को छोड़ कर कोई और टॉपिक पढ़ ले | इस परीक्षा में एक बात हमेशा ध्यान रखिए कि हमे 100 में 100 प्रश्न नही बनाने हैं | कुछ प्रश्न छोड़ने के लिए ही पेपर में दिया जाता हैं |बेहतर हैं हम उसमे न उलझे और अगले प्रश्न को देखे |

कला एवं संस्कृति के लिए NIOS मटेरियल पढ़े ,वेबसाइट पर डाउनलोड सेक्शन से इस पुस्तक को डाउनलोड करें और इसका एक अपना नोट्स बनाए |

इसके अतिरिक्त **प्राचीन भारत का इतिहास द्वारा रामशरण शर्मा** को एक बार पढ़े

|जिनके पास ओल्ड NCERT हैं वो इस पुस्तक को न ख़रीदे क्योंकि दोनों पुस्तक एक ही हैं |

कभी कभी upsc कुछ तथ्यात्मक प्रश्न पूछ लेती हैं इसके लिए **लुसेंट** जरूर पढ़े |

इन सब पुस्तकों को पढ़ने के उपरांत **घटना चक्र की सामान्य अध्ययन पूर्वालोकन भारतीय इतिहास का हल प्रश्न पत्र** ख़रीदे और प्रश्नों को हल करें |

भारत एवं विश्व भूगोल– भारत एवं विश्व का प्राकृतिक, सामाजिक, आर्थिक भूगोल ।





NCERT की कक्षा 9 ,10 ,11 व 12 पुस्तक पढ़े और इसका अपना एक नोट्स अवश्य बनाए |

इसके अतिरिक्त **भारत का भूगोल -अरविन्द कुमार (पेरियार प्रकाशन) व विश्व का भूगोल -एस के ओझा (परीक्षा वाणी) पढ़े** |भूगोल पढ़ते समय एटलस हमेशा अपने साथ रखे |

इन पुस्तकों को पढ़ने के उपरांत घटना चक्र से भूगोल का हल प्रश्न पत्र को हल करें |

भारतीय राजतंत्र और शासन– संविधान, राजनैतिक प्रणाली, पंचायती राज, लोक नीति, अधिकारों संबंधी मुद्दे, आदि ।

CSAT आने के बाद, इस विषय से 12-18 के बीच प्रश्न आते हैं |आप के PT पास करने के लिए यह सबसे सहायक टॉपिक हैं |यहाँ से सीधे – सीधे प्रश्न पूछे जाते हैं और लगभग हरेक

प्रश्न के लिए सिर्फ एक ही पुस्तक काफी हैं —**एम् लक्ष्मीकांत की भारत की राजव्यवस्था** |आप बिहार में तैयारी करें या राजस्थान में यह पुस्तक आपको UPSC pt के लिए पढ़नी ही पड़ेगी | पर इस पुस्तक को पढ़े कैसे —



सबसे पहले राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति पढ़े इसके तुरंत बाद राज्यपाल पढ़े ,इससे फायदा ये होगा कि आपको इन विषयों के बीच समानता व इनके शक्तियों का अंतर आदि समझने में आसानी होगी |ऐसे ही संसद पढ़े उसके तुरंत बाद राज्य विधान मंडल पढ़े |उच्चतम न्यायलय के साथ उच्च न्यायालय पढ़े |इसके उपरांत संवैधानिक व गैर संवैधानिक निकाय पढ़े |इतना पढ़ते पढ़ते आप इस पुस्तक के अभ्यस्त हो जाएंगे और बाकि टॉपिक पढ़ कर खुद ही उसका नोट्स बना लेंगे |इस पुस्तक के अंत में हरेक टॉपिक पर प्रश्न दिए हुए हैं उसे अवश्य बनाए |

आर्थिक और सामाजिक विकास– सतत विकास, गरीबी, समावेशन, जनसांख्यिकी ,सामाजिक क्षेत्र में की गई पहल आदि|

- इस विषय से आज के दौर में upsc सबसे आसान प्रश्न पूछती हैं लेकिन उन प्रश्नों को हल करने के लिए एक बेसिक समझ जरुरी हैं |

- प्रमुख पुस्तक NCERT 11 ,12 | इसके उपरांत **रमेश सिंह कि भारतीय अर्थव्यवस्था** को पढ़े |



- फ़रवरी में बजट आने के बाद iashindi.com बजट,आर्थिक सर्वेक्षण व भारत 2017 के नोट्स वेबसाइट पर अपलोड करेगी | लेकिन आपको खुद से भी आर्थिक सर्वेक्षण व भारत 2017 आने के बाद उसे पढ़ना चाहिए |

पर्यावरणीय पारिस्थिकी जैव विविधता और मौसम परिवर्तन संबंधी सामान्य मुद्दे ,जिनके लिए विषयगत विशेषज्ञता आवश्यक नही है|

- प्रमुख पुस्तक – NCERT की पुस्तक डाउनलोड में जाकर इसे डाउनलोड करें |
- NIOS material में पर्यावरण को डाउनलोड करें और इसका एक नोट्स बनाए |
- इसके अतिरिक्त **परिस्थितिकी एवं पर्यावरण – एस के ओझा (परीक्षा वाणी)** की पुस्तक पढ़े |

- आज कल इस टॉपिक से कुछ प्रश्न इतने डिटेल में पूछे जाते हैं कि एक एक प्रश्न के लिए या तो गूगल पर आश्रित हो या 100 पेज का कोई pdf पढ़े |लेकिन इतना समय कहाँ हैं अब | इन तीन पुस्तक को पढ़ने के उपरांत कोई भी बेसिक प्रश्न नही छुटेगा |

सामान्य विज्ञान

इस विषय के लिए कक्षा 6 – 10 तक की NCERT की पुस्तक पढ़े